## दिनांक-15.01.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर परिक्षेत्राधीन बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, बेगूसराय अन्तर्गत बी0टी0पी0एस0 (बरौनी थर्मल पावर स्टेशन) विस्तारीकरण योजना के सुरक्षार्थ प्रस्तावित वैकल्पिक बांध एवं उसके शीर्ष पर ब्लैक टॉप सड़क निर्माण का अवशेष कार्य (पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-06/2025-26, Group no.-01) के निविदा के तकनीकी बीड पर विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति से प्राप्त अनुशंसा पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक दिनांक-15.01.2026 को सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नांकित पदाधिकारियों द्वारा भाग लिया गया ।

(i) श्री संतोष कुमार मल्ल, प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना ।

(ii) श्री वरूण कुमार, अभियन्ता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना।

(iii) श्री नवल किशोर भारती, मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर ।

(iv) श्री अरविन्द कुमार वर्मा, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, जल संसाधन विभाग, पटना ।

### तकनीकी बीड

2.

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | कार्य का नाम | :- | बी0टी0पी0एस0 (बरौनी थर्मल पावर स्टेशन) विस्तारीकरण योजना के सुरक्षार्थ प्रस्तावित वैकल्पिक बांध एवं उसके शीर्ष पर ब्लैक टॉप सड़क निर्माण का अवशेष कार्य । |
| (ii) | स्वीकृत परिमाण विपत्र की राशि | :- | रु0 484.01 लाख |
| (iii) | निविदा प्रकाशन का विवरण | :- | दैनिक भास्कर, दिनांक-20.11.2025 पी0आर0 नं0-017721(WRD)2025-26 |
| (iv) | निविदा प्राप्ति की तिथि | :- | दिनांक-15.12.2025 |
| (v) | प्राप्त निविदाओं की सं0 | :- | 02 अदद । |
| (vi) | निविदा की प्रक्रिया | :- | ई-टेन्डरिंग । |
| (vii) | एन0 आई0 टी0 सं0 | :- | 06/2025-26, Group no.-01 |
| (viii) | प्रमंडल का नाम | :- | बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, बेगूसराय । |
| (ix) | प्रशासनिक स्वीकृति का प्रसंग एवं राशि | :- | बाढ़(मो0)सिं0-61/2017-4542,दिनांक-22.10.2018 एवं रू0 646.36 लाख |

**3. विभागीय निविदा समिति की समीक्षा :-**

विषयांकित कार्य का निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-02/2025-26, Group no.-01 में एकल निविदादाता सफल होने के कारण दिनांक-06.10.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति में मुख्य अभियंता, समस्तीपुर को पुनर्निविदा आमंत्रित करने हेतु निदेशित किया गया । तदालोक में मुख्य अभियन्ता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर द्वारा पत्रांक-5396 दिनांक-23.12.2025 से निविदा संबंधित अभिलेख, तुलनात्मक विवरणी इत्यादि उपलब्ध कराया गया है । दिनांक-06.01.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति द्वारा मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर से प्राप्त निविदा अभिलेखों की समीक्षा के आधार पर स्थिति निम्नवत् है :-

**(i)** **मे0 वीणा सिंह, कपसिया, बेगूसराय :-** इनके द्वारा निविदा अभिलेख के ITB के कंडिका 4.7 के अन्तर्गत Existing Commitment and Ongoing Works के संबंध में E/I से प्रतिहस्ताक्षरित वांछित प्रमाण पत्र/एकरारनामा/कार्यवंटन आदेश जिसमें कार्य की राशि सम्मिलित हो, संलग्न नहीं किया गया है, जिस कारण इनके Bid Capacity की वास्तविक गणना संभव नहीं है । Key

Equipment (Hot mix plant, Paver finisher) वांछित अर्हता से कम है । साथ ही छः बिन्दू वाला शपथ पत्र वांछित अर्हता के अनुरूप नही है । अतः ये तकनीकी बीड की निर्धारित सभी अहर्ता पूरी नही करते है ।

**(ii)** **रूपम कुमारी, साखमोहन, वार्ड नं0-14, विभूतिपुर :-** इनके द्वारा तकनीकी बीड में समर्पित अभिलेख में Key Equipment (Hot mix plant, Paver finisher) वांछित अर्हता के अनुरूप नहीं है । अतः ये तकनीकी बीड की निर्धारित सभी अहर्ता पूरी नही करते हैं ।

**4. विभागीय निविदा समिति का निर्णय :-**

विभागीय निविदा समिति द्वारा समीक्षोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति की अनुशंसा पर सहमति देते हुए विषयक कार्य की निविदा में सम्मिलित कुल दो (02) अदद् निविदादाताओं में से दो (02) अदद् निविदादाता यथा 1. **मे0 वीणा सिंह, कपसिया, बेगूसराय 2. रूपम कुमारी, साखमोहन, वार्ड नं0-14, विभूतिपुर** तकनीकी बीड में असफल पाये गये ।

सम्यक् विचारोपरान्त विभागीय निविदा समिति द्वारा निविदा को रद्द करने का निर्णय लेते हुए मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर को उचित भागीदारी बढ़ाने के लिए निविदा शर्त्तो को पुनर्निधारित करते हुए पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निदेश दिया गया ।

(अरविन्द कुमार वर्मा)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
जल संसाधन विभाग, पटना

(नवल किशोर भारती) 15/1/26
मुख्य अभियंता,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,
जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर

(वरूण कुमार) 15/01/2026
अभियन्ता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,
जल संसाधन विभाग, पटना

(संतोष कुमार मल्ल) 15/1
प्रधान सचिव,
जल संसाधन विभाग, पटना

पत्रांक:-बाढ़(मो0)सि0- 61/2017- 244 पटना/ दिनांक- 15-01-2026

प्रतिलिपि:- मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित ।

15/1/26
(विवेक गौरव)
अधीक्षण अभियन्ता

पत्रांक:-बाढ़(मो0)सि0-61/2017- 244 पटना/ दिनांक- 15-01-2026

प्रतिलिपि:- कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित ।

15/1/26
(विवेक गौरव)
अधीक्षण अभियन्ता